हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, बुधवार, 5 फरवरी 2025

## ट्रेलर चालक की लापरवाही से युवक की मौत

**नागपुर.** मानकापुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 29 वर्षीय युवक की जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यादव नगर निवासी आशुतोष देवीप्रसाद पाठक (29) अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से शफीनगर चौक से गुजर रहे थे। इसी दौरान सामने चल रहे ट्रेलर ट्रक चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए अचानक ब्रेक लगा दी। इससे आशुतोष की बाइक अनियंत्रित होकर ट्रेलर से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें एलेक्सिस हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर मृतक के मामा अक्षय वैतराम भुरे (28) ने मानकापुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने ट्रेलर ट्रक चालक के खिलाफ  मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

# भारतीय टीम ने जमकर की फील्डिंग और बैटिंग की प्रैक्टिस

### > कोहली, रोहित ने बल्लेबाजी में बहाया पसीना

**नागपुर.**



जामठा स्थित वीसीए स्टेडियम में 6 फरवरी को भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले पहले एकदिवसीय मैच से पहले भारतीय टीम ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मंगलवार को भारतीय खिलाड़ियों ने करीब 4 घंटे तक मैदान में जमकर अभ्यास किया।

फील्डिंग कोच दिलीप टी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने कैचिंग और थ्रो प्रैक्टिस की। करीब 2 घंटे तक खिलाड़ियों ने मैदान पर फील्डिंग का अभ्यास किया। इस दौरान कोच ने खिलाड़ियों को फील्डिंग परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन के लिए विशेष तकनीकों का अभ्यास कराया गया। कोच ने खिलाड़ियों को तेज और सटीक फील्डिंग के भी गुर सिखाए।

अभ्यास सत्र के दौरान विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत ने लंबा समय बल्लेबाजी नेट्स में बिताया। इन दिग्गज बल्लेबाजों ने अलग अलग तरह की गेंदों का सामना करते हुए अपनी तकनीक को मजबूत किया। कोहली और रोहित करीब 2 घंटे तक लगातार बल्लेबाजी का अभ्यास किया। इसके आलावा, केएल राहुल, शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल ने भी लंबा समय नेट में बिताया। वही, प्रमुख गेदबाज मोहम्मद सामी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवाती, रविंद्र जडेजा ने गेंदबाजी का घंटो अभ्यास किया। बॉलिंग कोच मॉर्निंग मोर्केल ने प्रमुख गेंदबाजों के साथ लंबी चर्चा की और उन्हें रणनीतिक टिप्स दिए। अभ्यास के दौरान गेंदबाजों ने विविधताओं पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि इंग्लैंड की मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप को चुनौती दी जा सके।

### क्रिकेट टिकटों की कालाबाजारी करते दो गिरफ्तार

भारत-इंग्लैंड वनडे मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है, जिससे टिकटों की मांग आसमान छू रही है। इसी बीच, टिकटों की कालाबाजारी भी शुरू हो गई, जिसे रोकने के लिए पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। सदर पुलिस ने वीसीए स्टेडियम के पास टिकटों की अवैध बिक्री करते हुए दो लोगों को रंगे हाथों पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोहर हेमनदास वंजानी (62), निवासी गांधीबाग, और राहुल भाऊदास रामटेके (38), निवासी स्मृति ले-आउट, दत्तवाड़ी के रूप में हुई है। सोमवार को वीसीए स्टेडियम में टिकटों की बिक्री हो रही थी,  उनके पास से कुल पांच टिकट जब्त की गईं। वे ₹ 3,000 की टिकट को ₹ 6,000 और ₹ 800 की टिकट को ₹2,000 में बेच रहे थे। इतना ही नहीं, वे खुद को वीसीए कर्मचारी बताकर लोगों को गुमराह कर रहे थे।

### भारत के लिए ख़ास है वीसीए मैदान

नागपुर का वीसीए मैदान भारतीय टीम के लिए खास मायने रखता है, क्योंकि यहां टीम का रिकॉर्ड शानदार रहा है। पिछले दोनों मुकाबलों में भारत ने जीत हासिल की थी। भारत और इंग्लैंड के बीच नागपुर में इससे पहले 2012 के टेस्ट और 2017 के टी20 मुकाबले हुए थे, जिनमें भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। नागपुर वनडे चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए अहम माना जा रहा है। इस महत्वपूर्ण मैच में भारत अपनी जीत की लय बरकरार रखना चाहेगा, जबकि इंग्लैंड के पास वापसी का मौका होगा।

## 800 की हो या 10 हजार की, टिकट के लिए घंटों कतार में खड़े फैंस का फूटा गुस्सा

**नागपुर.**




भारत और इंग्लैंड के बीच 6 फरवरी को नागपुर में होने वाले पहले वनडे को लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। लेकिन टिकट के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़े फैंस के सब्र का इम्तिहान लिया जा रहा है। फैंस को 3 से 5 घंटे तक कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। इस पूरे ड्रामे के पीछे टिकेटिंग पार्टनर डिस्ट्रिक्ट जोमाटो की मैनेजमेंट गड़बड़ियों पर सवाल उठ रहे हैं। जिससे कई फैंस का गुस्सा डिस्ट्रिक्ट जोमाटो के खिलाफ फूटा पड़ा। यह नजारा नागपुर का है, जहां लोग भारत-इंग्लैंड वनडेकी टिकट के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़े हैं। ना ये कोई फ्री पास लेने आए हैं, और ना किसी सेल का फायदा उठाने। ये फैंस तो अपनी पहले से बुक की गई ऑनलाइन टिकट को फिजिकल कॉपी में बदलवाने आए हैं। पहले तो फैंस को लगा की टिकट बुक हो गया तो जल्द ही हाथ में फिजिकल टिकट आ जाएगी। लेकिन डिस्ट्रिक्ट जोमाटो की मिस मैनेजमेंट के चलते उनकी उम्मीदों और सब्र पर पानी फिर गया।

डिस्ट्रिक्ट जोमाटो की अव्यवस्थाओं ने दर्शकों का उत्साह फीका कर दिया है। चाहे टिकट 800 रुपये का हो या 10 हजार रुपये का, सभी फैंस को एक ही लाइन में खड़ा किया गया है। नतीजा यह कि फैंस को 5-5 घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। इस पूरे मामले में वीसीए ने अपना पल्ला झाड़ लिया है। अधिकारियों का कहना है कि टिकट वितरण का सारा जिम्मा डिस्ट्रिक्ट जोमाटो के पास है, वीसीए का इससे कोई लेना-देना नहीं है। वीसीए के इस बयान फैंस से फैंस के सामने "ना घर के रहे ना घाट के" वाली स्थिति आ गई।

पिछले कुछ सालो तक टिकट बुकिंग के बाद टिकट की होम डिलीवरी होती है। नागपुर में साल 2018 तक होम डिलेवरी का सिलसिला चलता रहा है। लेकिन 1-2 साल पहले इस सुविधा को खत्म कर दिया है. इसके पिछले की असल वजह अब तक राज बनी हुआ है. बहरहाल, फैंस की टिकट बुकिंग में मेहनत, उनका खर्चा और अब कतार में धक्के खाना। इतनी दिक्कत फैंस सिर्फ क्रिकेट के लिए  उठा रहा है। लेकिन इस जूनून के बदले उनके समय और सब्र का फायदा उठाया जा रहा है ये कहना गलत नहीं होगा।

## पड़ोसी ने व्यक्ति पर किया जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

हुडकेश्वर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति पर उसके पड़ोसी ने लोहे की रॉड और बैट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अयोध्या नगर, हुडकेश्वर निवासी सतीष पुरुषोत्तम नलोडे (48) शनिवार रात करीब 8:30 बजे घर लौट रहे थे। तभी उनके पड़ोसी प्रविण मुरलीधर माने (47) ने बिना किसी कारण के उन्हें गालियां देनी शुरू कर दीं। जब सतीष नलोडे ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने लोहे की रॉड और बैट से उनके सिर और पैरों पर हमला कर दिया, जिससे उनका पैर फ्रैक्चर हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को तुरंत मेडिकल हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। इस घटना के बाद हुडकेश्वर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई। सहायक पुलिस निरीक्षक योगेश कोरडे ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



## सार्वजनिक स्थानों पर अस्वच्छता फैलाने के 72 मामले दर्ज

### उपद्रव जांच टीम की अचानक कार्रवाई

**नागपुर.**



नागपुर नगर निगम की उपद्रव जांच टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर पेशाब करने, कचरा फेंकने, थूकने और 79 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक बैग का उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है। मंगलवार (04) को सर्च टीम ने 72 मामले दर्ज कर 49,500 रुपये का जुर्माना वसूला। हाथठेले, खोमचे, पानठेले, फेरीवाले, छोटे सब्जी विक्रेता आदि के खिलाफ आसपास के क्षेत्र में अस्वच्छता की श्रेणी में 20 मामले दर्ज किए गए (400 रुपए जुर्माना) तथा 8,000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। दुकानदारों द्वारा सड़कों, फुटपाथों, खुले स्थानों पर कूड़ा डालने के संबंध में 2 मामले दर्ज किए गए (400/- रुपये का जुर्माना) तथा 8,00/- रुपये वसूल किए गए। मॉल, रेस्टोरेंट, लॉजिंग, बोर्डिंग होटल, सिनेमा हॉल, विवाह कार्यालय, कैटरर्स सेवा प्रदाता आदि पर रोड टैक्स के तहत 2 मामले दर्ज किए गए और 4,000/- रुपये वसूल किए गए। मंडप, मेहराब, मंच आदि के निर्माण या निजी कार्य के लिए यातायात मार्ग बंद करने के तहत 16 मामले दर्ज किए गए और 21,500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। एक मामला दर्ज किया गया और एक चिकन सेंटर और मटन विक्रेता से सड़कों, फुटपाथों और खुले स्थानों पर अपना कचरा फेंकने के लिए 1,000/- रुपये वसूले गए। उपरोक्त सूची में न पाए गए अन्य उपद्रवी व्यक्तियों के मामले में 21 मामले दर्ज किए गए हैं तथा 4,200/- रुपए का जुर्माना वसूला गया है। उपरोक्त सूची में शामिल न होने वाले अन्य उपद्रवी संगठनों के विरूद्ध 10 मामले दर्ज कर 10,000/- रूपये का जुर्माना वसूला गया है। यह ऑपरेशन उपद्रव जांच दल प्रमुख वीरसेन तांबे के नेतृत्व में किया गया।

## बिल्ड ऑपरेट एंड ट्रांसफर मॉडल पर मनपा करेगी फायर स्टेशन का पुनर्निर्माण




**नागपुर.**

नागपुर महानगर पालिका ने बिल्ड ऑपरेट एंड ट्रांसफर मॉडल पर अपने फायर स्टेशन को पुनर्निर्मित किये जाने का निर्णय लिया है। मनपा गणेशपेठ स्थित अपने फायर स्टेशन को निजी बिल्डर की मदत से तैयार करेगी। फायर स्टेशन के निर्माण के लिए मनपा ने जो डीपीआर तैयार किया है। उसके मुताबिक उसकी 25 हजार स्क्वेयर फिट जगह पर ग्राउंड फ्लोर के साथ 7 माले की व्यावसायिक ईमारत तैयार की जाएगी, जिससे मनपा को कम से कम 62 करोड़ रूपए का राजस्व भी हासिल होगा।

## मॉल के निर्माण से व्यापारियों के लिए खड़ी हुई मुश्किल

### मनपा आयुक्त से मुलाकात कर मांगी पर्यायी जगह

**नागपुर.**



नागपुर महानगर पालिका द्वारा शहर के जयताला इलाके में एक मॉल तैयार किया जा रहा है। इस मॉल के कंस्ट्रक्शन का काम शुरू होने के ही साथ परिसर में सड़क पर बैठकर व्यापर करने वाले व्यापारियों के लिए मुश्किल खड़ी हो गयी है। मंगलवार को इन्ही व्यापारियों ने नागपुर महानगर पालिका आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी से मुलाकात कर पर्यायी जगह दिए जाने की मांग की।

कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक प्रफुल्ल गुडधे पाटिल के नेतृत्व में सड़क पर सब्जी समेत अन्य व्यापर करने वाले व्यापारी मंगलवार को मनपा मुख्यालय पहुंचे, मनपा ने जयताला बाजार  में अपनी एक लाख स्वेयर फिर जगह पर एक मॉल तैयार किये जाने का निर्णय किया है, जिस कंपनी को ये काम सौपा गया है उसने अपना काम भी शुरू कर दिया है। जिसकी वजह से यहाँ सालों से व्यापार करने वाले व्यापारियों पर संकट खड़ा हो गया है। गुडधे के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मनपा आयुक्त डॉ अभिजीत चौधरी से मुलाकात की, इस मुलाकात के बाद गुडधे ने बताया की आयुक्त ने जल्द ही व्यापारियों को अस्थाई जगह उपलब्ध कराये जाने की जानकारी दी है।

## तेज रफ्तार कार ने दो बाइक सवारों को कुचला

**नागपुर.**

धंतोली पुलिस थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा 3 फरवरी की रात 2:30 बजे के आसपास हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विशाल नरेंद्र यादव (23) शतवारी कॉलोनी, चंद्रपुर, निवासी  अपनी बुलेट बाइक पर अपने मित्र चेतन राजेश्वर गावडे (22) लोकमान्य नगर हिंगना रोड निवासी के साथ अजनी चौक से गुजर रहे थे। इस दौरान मारुति अर्टिगा कार के चालक ने तेज रफ्तार में लापरवाही से वाहन चलाते हुए बुलेट को टक्कर मार दी। हादसे में विशाल और चेतन बुरी तरह से गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें तुरंत मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने चेतन गावडे को मृत घोषित कर दिया। वहीं, विशाल यादव का इलाज चल रहा है।

इस मामले में पुलिस ने फरियादी विशाल यादव की शिकायत पर आरोपी कार चालक अजनान इजरार हुसैन (25 ),  अजनी रेलवे कॉर्टर निवासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

## केडीएस में हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम को मिला सहज प्रतिसाद

**नागपुर.**



शिक्षा विकास मंडल के अंतर्गत स्वर्गीय कमलताई दवंडे स्कूल एवं जूनियर कॉलेज (केडीएस) तथा वनिता विकास विद्यालय के सहयोग से रथ सप्तमी के अवसर पर हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल परिसर में दोपहर 3 से 4:30 बजे के बीच आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं की स्वस्फूर्त भागीदारी देखी गयी। भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले इस समारोह में महिलाओं ने आदरपूर्वक हल्दी और कुमकुम का आदान-प्रदान किया, जिसे सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और संवाद सत्र आयोजित किये गये। स्कूल प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों को धन्यवाद दिया, जिनकी भागीदारी से यह कार्यक्रम सफल हुआ। केडीएस की यह पहल भारतीय संस्कृति को संरक्षित करने तथा सामाजिक सामंजस्य और शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रियान्वित की गई।

## नदी सफाई अभियान 7 फरवरी से

### > कमिश्नर ने समन्वय से काम करने और समुचित सफाई करने के दिये निर्देश

**नागपुर.**




नागपुर शहर की तीन नदियों (नाग, पिवली और पोहरा)की सफाई का अभियान 7 फरवरी से शुरू होगा। नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने मानसून पूर्व तैयारियों के मद्देनजर तीनों नदियों की सफाई अभियान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम आयुक्त के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल, उपायुक्त विजय देशमुख, अधीक्षण अभियंता मनोज तालेवार, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. गजेन्द्र महल्ले सहित सभी जोन के कार्यपालन अभियंता एवं जोनल अधिकारी उपस्थित थे।

नागपुर नगर निगम हर साल मानसून से पहले नदियों और नालों की सफाई करता है। नदियों की चौड़ाई और गहराई को पूरी तरह से साफ कर दिया जाता है तथा वर्षा जल के प्रवाह के लिए उन्हें सुचारू बना दिया जाता है। शहर में नाग नदी की लंबाई 16.58 किमी, पिउली नदी की लंबाई 17.42 किमी और पोहरा नदी की लंबाई 15.17 किमी है। इसने 7 फरवरी से शुरू होने वाले नदी स्वच्छता अभियान के लिए प्राथमिकताएं निर्धारित की हैं। तदनुसार, अभियान के तहत शुरू में नाग नदी के तल को तीन चरणों में साफ किया जाएगा: अंबाझरी झील से पंचशील चौक तक, पंचशील चौक से अशोक चौक तक, तथा सेंट जेवियर्स स्कूल से पारडी फ्लाईओवर तक। पिउली नदी की सफाई दो चरणों में की जाएगी, गोरेवाड़ा झील से नारा दहन घाट तक और नारा घाट से एसटीपी वंजरा तक। पोहरा नदी की सफाई दो चरणों में की जाएगी, सहकार नगर घाट से बेलतरोड़ी ब्रिज तक और बेलतरोड़ी ब्रिज से हुडकेश्वर पिपला फाटा ब्रिज तक। 7 फरवरी से शुरू होने वाले इस अभियान में शुरुआत में तीनों नदियों के सात हिस्सों की सफाई की जाएगी। इसके लिए 7 पोकलेन लगाई जाएंगी, यह जानकारी अधीक्षण अभियंता मनोज तालेवार ने बैठक में जानकारी दी।

बैठक में मुख्य स्वच्छता अधिकारी डा. गजेन्द्र महल्ले ने जानकारी दी। नालों की सफाई का कार्य चल रहा है और वर्तमान में 13 नालों की सफाई मशीन द्वारा तथा 15 नालों की सफाई मानव शक्ति द्वारा की जा रही है। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने नदियों और नालों की सफाई करते समय यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए कि गाद वापस नदी तल में न जाए।




CMYK

# भानेगांव में अज्ञात चोरों ने की घरफोड़ी 3.22 लाख रुपए का माल चोरी

## > स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

**खापरखेड़ा.**

खापरखेड़ा क्षेत्र के भानेगांव में एक ठेकेदार और कृषि उत्पन्न बाजार समिति के सभापति के घर में अज्ञात चोरों ने घरफोड़ की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने कुल 3 लाख 22 हजार रुपए का माल लूट लिया। यह घटना सोमवार सुबह सामने आई, जब चोरों ने रविवार रात मध्यरात्रि बाद इस वारदात को अंजाम दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फिर्यादी ठेकेदार दिनेश चिखले और उनके बड़े भाई रविन्द्र चिखले (जो कृषि उत्पन्न बाजार समिति के सभापति हैं) नागपुर गए हुए थे। उनका घर भानेगांव के नया बिना इलाके में स्थित है, और वहां उनका दो मंजिला घर है। निचे दोनों भाइयों का ऑफिस और ऊपर दिनेश चिखले का घर है। निचले हिस्से में एक किरायेदार प्रणय भाकरे भी रहते थे। चोरों ने पहले रविन्द्र चिखले के ऑफिस के सामने वाली खिड़की का स्टील रॉड तोड़कर



अंदर प्रवेश किया और कार्यालय का सिसिटिव्ही कैमरा का डिव्हिआर हार्ड डिस्क तोड़ दिया ताकि कोई पहचान न सके। इसके बाद, चोरों ने दिनेश चिखले के घर में धावा बोलते हुए खिड़की का रॉड तोड़कर अंदर प्रवेश किया और सोने, चांदी के गहनों और कैश को लूट लिया।

इसके बाद, चोरों ने किरायेदार के कमरे से भी करीब 7 हजार रुपए कैश चुराए। यह वारदात तब हुई जब किरायेदार की पत्नी नागपुर गई हुई थी और प्रणय भाकरे नाईट ड्यूटी पर थे।

चोरों ने घरों में तोड़फोड़ की और सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। घटनास्थल पर छोड़ी गई वस्तुओं में कटोनी जैसी लोहे की सब्बल, पेचकस, गाड़ी की चाबी, सफरचंद और सिगरेट जैसी चीजें शामिल थीं। इस घटना में चोरों ने करीब 4 तोला सोने की दो बांगबी, 3 ग्राम सोने के टॉप्स, 6 चांदी के सिक्के, 1.60 लाख रुपए नकद और 7 हजार रुपए किरायेदार के कमरे से लूटे। कुल मिलाकर 3 लाख 22 हजार रुपए का माल लूट लिया गया। घटना की जानकारी खापरखेड़ा पुलिस को दी गई, और पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा कर फिंगर प्रिंट और श्वानपथक की मदद ली, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने घटनास्थल के पास स्थित एक सिसिटिव्ही कैमरा की जांच की, जिसमें रात दो बजे एक लड़का दिखाई दे रहा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

### स्थानीय पुलिस पर उठ रहा है सवाल

इस घटना से स्थानीय नागरिकों में डर का माहौल है, और पुलिस की गश्त बढ़ाने की मांग की जा रही है। नागरिकों का कहना है कि खापरखेड़ा पुलिस को अपनी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

**घटना कैसे हुई उजागर?:** जब किरायेदार प्रणय भाकरे सुबह ड्यूटी से घर लौटे, तो उन्हें घर का दरवाजा खुला हुआ दिखाई दिया और घर में सामान बिखरा हुआ था, जिससे चोरी का शक हुआ। इसके बाद, उन्होंने चिखले बंधुओं को सूचित किया और जब वे घर पहुंचे, तो वहां भी सामान बिखरा हुआ था और चोरी की वारदात सामने आई।

**कुलूपबंद घरों पर चोरों की नजर :** इस घटना से यह भी साफ हो गया है कि खापरखेड़ा क्षेत्र में चोरों ने ताले लगे घरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है, और ऐसे घरों पर उनकी नजरें होती हैं।

# 26वीं युवा सांसद राष्ट्रीय प्रतियोगिता का समापन



## > संसद के कार्यों का प्रदर्शन

**नवेगांव खैरी.**

स्थानीय पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, नवेगांव खैरी में 26वीं युवा सांसद राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि थे कृपाल तुम्हाणे, भूतपूर्व लोकसभा सांसद रामटेक और विधान परिषद सदस्य महाराष्ट्र। इसके साथ ही ए.बी. आचार्य (डिप्टी सेक्रेटरी, संसदीय कार्यालय मंत्रालय, नई दिल्ली), संगीता जायसवाल (असिस्टेंट कमिश्नर, नवोदय विद्यालय समिति, नोएडा) और विवेक रंजन (संसदीय कार्यालय, मंत्रालय, नई दिल्ली) भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय (मेंढक), सिध्दीपेठ (तेलंगाना) और पीएम जेनवी, वलसाड (गुजरात) के छात्रों ने संसदीय कार्यों की झलक पेश की। छात्र-छात्राओं ने लोकसभा अध्यक्ष, पक्ष विपक्ष, मंत्री, और विभिन्न राज्यों के सांसदों का रोल निभाया और कृषि, किसान, महंगाई, पेंशन जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को संसदीय कार्य प्रणाली की जानकारी देना, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना, लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास और छात्रों में नेतृत्व क्षमता का निर्माण करना था। विद्यालय के बहुउद्देशीय सभागृह को संसद के रूप में सजाया गया था, जो इस आयोजन की भव्यता को दर्शाता था। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. जरीना कुरैशी, उप प्राचार्य कुमार, पीजीटी इतिहास उष्टु देवूरमाले, जी. एस. भुजबल, निलेश गजभिए, नितेश मालवीय, सुनिता देव, कमल दायदार, आनंद थुल, राजेश और काजल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# फर्स्ट स्टेप फन स्कूल का वार्षिक स्नेहसम्मेलन संपन्न



**नागपुर.**

फर्स्ट स्टेप फन स्कूल की मुख्य शाखा नागपुर, हुडकेश्वर और नरसाला शाखाओं के साथ-साथ धनगावली शाखा का 21वां वार्षिक स्नेहसंमेलन, स्वामी समर्थ सभागृह, हुडकेश्वर रोड, नागपुर में धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर स्कूल के प्री-नर्सरी, नर्सरी, जूनियर केजी, सीनियर केजी के विद्यार्थियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन भगवानजी मेंढे (पूर्व नगरसेवक और सामाजिक कार्यकर्ता) द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद विठ्ठल के मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। करीब 250 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न नृत्य और मनोरंजन कार्यक्रमों में भाग लिया। इस समारोह में हुडकेश्वर रोड क्षेत्र के हजारों नागरिकों ने भाग लिया और कार्यक्रम की खुले दिल से सराहना की। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक हेमंत मिटकर ने सभी अभिभावकों का धन्यवाद किया, जिन्होंने स्कूल के प्रति सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नीता मिटकर, कुणाल मिटकर, ममता निमखेडकर, वैशाली कोंडाडे, माया गोहाने, भारती निपुण, अर्चना चिखले, उर्वशी समुंद्रे, राजश्री दुर्ने, रूपाली गाडगे, स्नेहा डालडाले, सुषमा तवणे, रोशनी पगाडे, रीता पसारे, ज्योत्सना पाठेकर, वीणा बोकड़े, रानी कापसे, सपना भटकुले, विद्या भलावी, राजेश कोडंडे, रोशन ठाकरे, किरण खापर्डे, और कृष्णा शिंगाड़े ने अथक परिश्रम किया।

# नेशनल इंड्यूरेंस चैंपियनशिप में करेंगे महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व

## उमरेड के 5 स्केटर्स का महाराष्ट्र इंड्यूरेंस टीम में चयन

**उमरेड.**



मुंबई के विरार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग मैदान में हाल ही में संपन्न हुई इंड्यूरेंस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उमरेड स्केटिंग अकादमी के पांच स्केटर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कुल 9 पदक जीतकर महाराष्ट्र इंड्यूरेंस टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की। इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के 24 जिलों से कुल 1400 स्केटर्स ने हिस्सा लिया। उमरेड के 5 स्केटर्स ने अपने दमदार प्रदर्शन से नागपुर जिले को 9 पदक दिलाए और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित की। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर इन पांचों खिलाड़ियों का चयन नेशनल इंड्यूरेंस चैंपियनशिप 2025 के लिए महाराष्ट्र इंड्यूरेंस टीम में हुआ है। ये सभी स्केटर्स अपने-अपने आयु वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी स्केटर्स को उमरेड स्केटिंग अकादमी में कोच रवींद्र मिसाल का प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्राप्त है। इन खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और कोच को दिया है। उमरेड के इन प्रतिभाशाली स्केटर्स की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे शहर में खुशी का माहौल है। सभी उमरेडवासियों ने इन विजेताओं का भव्य अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुसागोंदी में क्रिकेट महासंग्राम शुरू

## >1.30 लाख रुपये के पुरस्कार

**कोढाली.**

काटोल तहसील के पुसागोंदी में न्यू लांसर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित भव्य टेनिस बॉल (सुपर खन्ना) क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन 4 जनवरी को सुबह 11 बजे किया गया। इस अवसर पर नागपुर जिला भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंत्री निखिल जायसवाल, पुसागोंदी के सरपंच अनार राठौड़, सामाजिक कार्यकर्ता गौरव ठवले, क्रिकेट संघ के सचिव रवि राठौड़, कप्तान गजानन राठौड़, उप कप्तान रोहिदास राठौड़ और प्रवक्ता सूरज राठौड़ उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह में निखिल जायसवाल, अनार राठौड़ और गौरव ठवले ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर तथा दो ओवर का खेल खेलकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस दौरान पुसागोंदी, वसंत नगर, दोडकी, खापा,



कोंढाली सहित विभिन्न गांवों के क्रिकेट प्रेमी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

इस टूर्नामेंट में विभिन्न तालुका से कुल 35 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के सभी मैच सर्कल क्रिकेट टीम के नियमों के अनुसार खेले जाएंगे। प्रत्येक टीम के 8 खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे। मैच के दौरान अनुशासनहीनता करने वाली टीम को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। एक खिलाड़ी केवल एक ही टीम के लिए खेल सकता है। इस संबंध में आयोजन समिति के सचिव रवि राठौड़ और प्रवक्ता सूरज राठौड़ ने जानकारी दी। पुसागोंदी में क्रिकेट का यह महासंग्राम रोमांच और जोश से भरपूर रहेगा!

### 1.30 लाख रुपये की पुरस्कार राशि

पुसागोंदी क्रिकेट महासंग्राम में कुल 1,30,000 रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है।
विजेता टीम को ₹55,555 और ट्रॉफी (निखिल जायसवाल और अनार राठौड़ के संयुक्त तत्वाधान में)
उपविजेता टीम को ₹33,333 और ट्रॉफी (अंशुल ठाकुर और विशाल कालबांडे के सौजन्य से)
मैन ऑफ द सीरीज – ₹5,555 और ट्रॉफी
मैन ऑफ द मैच – ₹5,555
बेस्ट बैट्समैन – ₹2,222 और ट्रॉफी
सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और अन्य पुरस्कार

# खापरी पुनर्वसन की समस्या होगी दूर

## पालक मंत्री बावनकुले बोले- किसी के साथ नहीं होगा अन्याय

**खापरी.**

पालकमंत्री बनने के बाद चंद्रशेकर बावनकुले लगातार एक्टिव मोड़ पर हैं। इसी के तहत सोमवार को पालकमंत्री ने जिलाधिकारी कार्यालय में जिले के अंदर लंबित मामलों की समीक्षा बैठक की। बैठक में बावनकुले ने मिहान पुनर्वसन में विविध समस्या की समीक्षा करते हुए तत्काल उपाय योजना कर समस्या को दूर करने का आदेश दिया। इस के साथ यह भी कहा कि, किसी भी प्रभावितों के साथ अन्याय नहीं होगा और सभी का पुनर्वसन किया जाएगा। जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर, काटोल विधायक चरण सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



बैठक में निर्णय लिया गया कि खापरी रेलवे पुनर्वास परियोजना में निर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों और स्टॉलों को शत-प्रतिशत स्थानीय लोगों को आवंटित करने के लिए प्रथम और द्वितीय चरण में अधोसंरचना निधि को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि कलकुही, तेल्हारा, दहेगांव और खापरी में घरों के लंबित मामलों को जिला कलेक्टर कार्यालय के माध्यम से तुरंत हल किया जाएगा।

# शिक्षा-समृद्ध बालक ही नरेंद्र मोदी के 2047 के सपनों के भारत की मजबूत नींव: विधायक ठाकुर

**कोंढाली.**

यहाँ के रॉयल पराते हॉल वसाआय कॉम् डिजीलर्न प्रा.लि. कंपनी द्वारा हाल ही में नॉशनल लेवल नॅशनल अबायकस् वैदिक गणित परिक्षा काआयोजन किया गया. इस आयोजन के मेघावी छात्रों को काटोल के विधायक चरण सिंग ठाकूर, की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के आरोग्य सेवा आघाडी की पदाधिकारी प्रिती मानमोडे, एड दिपकराव केने, डॉ. परिनीता फुके, राजू चरडे, श्रावण फरकाडे, कमलाकर चोपडे, सचिन बोवाडे,रोषन गाकरे,दुर्गा प्रसाद पांडे,सैह्याद्री इंग्लिश स्कूल के डायरेक्टर रंजना भोयर, परफेक्ट कॉन्हेंट के डायरेक्टर श्रद्धा गळघाटे, एंजल किड्स कॉन्व्हेन्ट के डायरेक्टर विजय उगले, नव ज्योती कॉन्व्हेन्ट के डायरेक्टर अमित



गाडे, फाईव्ह स्टार कॉन्व्हेन्ट के डायरेक्टर संगिता हरणखेडे, साधना आगलावे, आदि के प्रमुख उपस्थिती में मेघावी छात्र -छात्राओं को सन्मानचिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा प्रमुख अतीथीयों द्वारा पुरस्कृत किये गये. पंतप्रधान नरेंद्र मोदी के सपनों का भारत इस अवसरपर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष चरणसिंग ठाकूर द्वारा अपने मार्गदर्शन में बताया की देश के पंतप्रधान नरेंद्र मोदी के २०४७ के समृद्ध भारत के लियेएक अपेक्षित आज के नन्हे बालकों को ही समृद्ध भारत के सर्व गुण संपन्न नागरिक निर्माण ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है, इस माध्यम से सभी स्तरों के छात्रों को एक ही राष्ट्रीय मंच पर लाना और उनके मानसिक अंकगणित और मस्तिष्क कौशल का मूल्यांकन करना है। इस प्रकार से यह मानसिक तथा बौद्धिक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा प्रदान करता है. जिससे अप्रत्यक्ष गुणवत्ता मान्यता भी प्रदान करता है। जो सुदृढ़ भारत निर्माण होगे.इस कार्यक्रम में इस आयोजन के अवसरपर हिस्सा लेने वाले छात्रों की परिक्षा में मेघावी और भाग लेने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र, पदक, ट्रॉफी और उपहारों से सम्मानित किया गया है, ये सब पंतप्रधान मोदी के 2047 के सपनों बालक है. इस प्रकार की शैक्षणिक परिक्षाऐं को प्राथमिक शिक्षणपि में समावेश किया जाना चाहिए, इसके लिये शिक्षण मंत्री तथा मुख्यमंत्री (सरकार) से इस विषय पर चर्चा करने की जानकारी विधायक चरणसिंग ठाकूर द्वाराक्टर उपस्थित छात्र छात्राओं तथा अभिभाव तथा उपस्थित जनप्रतिनिधीयों के समक्ष दी. इस अवसरपर पर डॉ प्रितीताई मानमोडे, ताई फुके, दुर्गा प्रसाद पांडे फरकाडे, चोपडे द्वारा भी मार्गदर्शन किया गया, इस कार्यक्रम का आयोजन - मैनेजिंग डायरेक्टर सपना चोपडे,तथा राजू चोपडे द्वारा किया गया था. कार्यक्रम का प्रास्ताविक एम डी राजु चोपडे द्वारा किया गया.अवसरपर पर डॉ कमलाकर प्रिती मानमोडे, डॉ. परिनिता फुके, दुर्गाप्रसाद पांडे, एड दिपकराव केने, राजु चरडे , श्रावण फरकाडे, कमलाकर चोपडे द्वारा भी मार्गदर्शन किया गया.

इस कार्यक्रम का आयोजन वसाआयकॉम् डिजीलर्न प्रा.लि. कंपनी द्वारा नागपूर के रॉयल प्रमाणे हॉल में 11नॉशनल लेवल अबाकस तथा वेदिक गणित परिक्षा का आयोनज- कंपनी के मैनिजिंग डायरेक्टर सपना चोपडे,तथा डायरेक्टर राजू चोपडे द्वारा किया गया था. कार्यक्रम का प्रास्ताविक डायरेक्टर राजु चोपडे द्वारा किया गया , संचलन - मैथली तथा अमृता ने किया तथा आभार सपना चोपडे द्वारा माना गया.

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सावनेर में अव्यवस्थाओं का अंबार

## > प्राचार्य की लापरवाही से सुविधाओं और सामग्रियों की भारी कमी

**सावनेर.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और कौशल भारत की संकल्पना को सफल बनाने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सावनेर की स्थिति इस मिशन पर एक धब्बे की तरह उभर रही है। यहां छात्रों को नाममात्र का कौशल प्रशिक्षण मिल रहा है, जबकि आवश्यक संसाधनों की भारी कमी बनी हुई है।

संस्थान में नौ विभिन्न व्यवसायिक विभागों के तहत तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाता है। बावजूद इसके, आवश्यक सुविधाओं, सामग्री और कक्षाओं के अभाव में प्रशिक्षुओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां के शिक्षण स्टाफ में विशेषज्ञ और




अनुभवी प्रशिक्षक मौजूद हैं, लेकिन जब तक उनके पास उपयुक्त उपकरण, संसाधन और अनुकूल वातावरण नहीं होगा, तब तक वे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान नहीं दे सकते। संस्थान में प्रशिक्षण हेतु आवश्यक उपकरणों और सामग्रियों की भारी कमी है। छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए न तो पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं और न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस योजना बनाई जा रही है। बिना संसाधनों के कौशल विकास कैसे संभव होगा, यह एक बड़ा सवाल है। संस्थान के प्राचार्य और अन्य प्रशासनिक अधिकारी इस गंभीर मुद्दे से अवगत होने के बावजूद इसे नजरअंदाज कर रहे हैं। अगर ऐसी ही लापरवाही बनी रही, तो ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। कौशल विकास के बिना इन युवाओं को रोजगार कैसे मिलेगा, यह एक बड़ा प्रश्नचिह्न बन गया है।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है, लेकिन सावनेर आईटीआई की अव्यवस्थाएं इस उद्देश्य को विफल कर रही हैं। अगर जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह संस्थान सिर्फ नाम मात्र का प्रशिक्षण केंद्र बनकर रह जाएगा, जहां से निकले हुए छात्र कौशल विहीन रह जाएंगे और बेरोजगारी की समस्या और भी गंभीर हो जाएगी।

### तत्काल कार्रवाई की मांग

सरकार से मोटा वेतन लेने वाले संस्थान के प्रबंधक और अधिकारी यदि अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से नहीं निभा रहे हैं, तो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों को समय पर प्रशिक्षण सामग्री और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपने कौशल को विकसित कर सकें और रोजगार के लिए तैयार हो सकें।

# मध्य प्रदेश पुलिस ने कामठी में तस्करी कर लाई गई लाखों की सागौन जब्त की

**कामठी.**

पुष्पा शैली में मध्य प्रदेश से सागौन की लकड़ी की तस्करी कर नागपुर लाकर यह लकड़ी कामठी तहसील के घोरपाड़ गांव के एक खेत में छुपाकर रखने के मामले का खुलासा हुआ है. इन तस्करों के खिलाफ मध्य प्रदेश पुलिस ने साहसिक कार्रवाई की है.पुलिस ने इस खेत से लाखों रुपये कीमत की 23 नग सागौन की लकड़ी जब्त की. इस कार्रवाई के बाद नागपुर



में सागौन व्यापारियों में खलबली मची हुई है. चर्चा है कि नागपुर में तस्करी कर सागौन खरीदने वाले व्यापारियों के साथ दलाल अंडरग्राउंड हो गए हैं.इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि मध्य प्रदेश में सागौन तस्कर सागौन के जंगल को नष्ट कर रहे हैं, इसके बावजूद वन अधिकारी और पुलिस कैसे बेपरवाह हैं. सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर तस्करी का माल मध्य प्रदेश की सीमा पार कर महाराष्ट्र के नागपुर तक कैसे आ गया. तो ऐसे में तस्करी की गई सागौन कामठी के घोरपाड़ स्थित खेत में कैसे आई? पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस तस्करी में नागपुर का कोई व्यक्ति शामिल है या नहीं?

# भंडारा रोड पर शक्कर से भरे ट्रक में लगी आग

**नागपुर.**

नागपुर के पारडी इलाके में भंडारा रोड पर आर्य मोटर के सामने शक्कर से भरे एक ट्रक में अचानक आग लग गई. यह दुर्घटना सोमवार की रात करीब 9 बजे के दौरान हुई. घटना की सूचना मिलने पर कलमना फायर स्टेशन से एक दमकल गाड़ी घटनास्थल पहुंची. इस आग में ट्रक के चालक का केबिन



और इंजन जल गया. इस ट्रक के पिछले हिस्से के साथ ही शक्कर को ढांक कर रखी गई ताडपत्री भी जल गई. समय रहते दमकल गाड़ी पहुंचने से आग पर जल्द काबू प् लिया गया. इसके साथ ही लकड़गंज फायर स्टेशन से भी मदद के लिए एक गाड़ी घटनास्थल पर बुलाई गई. यह आग ट्रक की वायरिंग में शार्ट सर्किट के चलते आग लगने की जानकारी है.

# तुअर का ऑनलाइन पंजीकरण आज से शुरू

## > सरकार दे रही साढ़े सात हजार रुपये प्रति क्विंटल गारंटी मूल्य

**अमरावती.**

आधार मूल्य खरीद योजना के तहत तुरी के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए सरकार से आदेश प्राप्त हुआ। वहीं तुअर का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 3 फरवरी से शुरू हो गया है। सरकार तुअर के लिए 7550 रुपये प्रति क्विंटल की गारंटी मूल्य दे रही है और पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 फरवरी है। अमरावती सहकारी कृषक क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष पंकज देशमुख और संस्था के संस्थापक संजय इंगले ने अपील की है कि अधिक से अधिक किसान पंजीयन कराएं।

ऑनलाइन पंजीकरण के लिए किसानों को ऑनलाइन फसल बुआई वर्ष 2024-25 के साथ अद्यतन सतबारा की आवश्यकता है। आधार कार्ड झेरॉक्स, आईएफसी कोड के साथ बैंक पासबुक और पंजीकरण प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार केवल एफएक्यू ग्रेड कृषि उपज खरीदी जाएगी। सहकारी कृषक क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष पंकज देशमुख एवं संस्था के संस्थापक संजय इंगले ने अपील की है कि अधिक से अधिक किसान इस योजना के तहत तुअर बेचकर सरकार की गारंटी का लाभ उठायें।



### पंजीकरण करना होगा


सभी तुअर उत्पादक किसानों को सुबह 11 बजे से 5 बजे के कार्यालय समय के दौरान शेतकारी सदन चित्रा चौक स्थित संगठन के कार्यालय में पंजीकरण करना होगा। ऑनलाइन पंजीकरण के समय, संबंधित किसानों के मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा तब तक किया जाता है जब तक किसान वह ओटीपी कंप्यूटर ऑपरेटर को नहीं दे देते। इसलिए पंजीकरण कराने आने वाले किसानों को अपने साथ मोबाइल फोन अवश्य लाना होगा।

# प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी दूसरी बार बने भारतीय गांधीयन अध्ययन समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**वर्धा.**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के संस्कृति विद्यापीठ के पूर्व अधिष्ठाता एवं गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी को भारतीय गांधीयन अध्ययन समिति (आईएसजीएस) का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुना गया है। यह उनका दूसरी बार यह सम्मान है।

समिति का 45वां वार्षिक अधिवेशन हाल ही में मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद में आयोजित किया गया था, जहां उन्हें यह दायित्व सौंपा गया। इससे पहले, प्रो. मोदी पुणे में हुए वार्षिक अधिवेशन में उपाध्यक्ष चुने गए थे। इस अधिवेशन में 2025-27 के कार्यकाल के लिए 20 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसमें प्रो. मोदी के साथ प्रो. एस. सी. जेना (अध्यक्ष, उडिसा), प्रो. मोहम्मद फ़रियाद (उपाध्यक्ष, तेलंगाना), और प्रो. मनीष शर्मा (उपाध्यक्ष, पंजाब) का भी चयन हुआ।



अधिवेशन के दौरान, 6वें तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. सीताराम चौधरी ने की, जिसमें प्रो. मोदी ने 'गांधी का संचार-दर्शन और स्वतंत्रता आन्दोलन' विषय पर बीज वक्तव्य दिया। वहीं, 7वें तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. आर. पी. द्विवेदी ने की, जिसमें प्रो. मोदी और डॉ. सुनीता कुमारी चौरसिया का संयुक्त शोध प्रस्तुत किया गया।

प्रो. मोदी के इस सम्मान पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा ने उन्हें बधाई दी। इसके अलावा, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के पूर्व क्षेत्रीय सदस्य बसंत, बिहार विधान सभा के सदस्य डॉ. संजीव कुमार चौरसिया, नई दिल्ली के हर्ष रंजन और नोएडा के डॉ. विमलेश कुमार ने भी उन्हें बधाई दी।

# अब चिखलदरा में की जा रही स्ट्रॉबेरी की खेती, हो रहा लाखों का उत्पादन

## > आदिवासी किसानों को मिला नया रोजगार

**अमरावती.**

चिखलदरा को विदर्भ में स्वर्ग की सुंदरता से भरी जगह के रूप में जाना जाता है। यहां के आदिवासी किसान अब स्ट्रॉबेरी की खेती करने लगे हैं। महाबलेश्वर से स्ट्रॉबेरी के पौधे लाए गए और खेतों में लगाए गए। चिखलदरा की ओर मोथा गांव में कई किसान स्ट्रॉबेरी की खेती करते हैं। इनमें नारायण खड़के ने बड़े गांव के पास आधा एकड़ जमीन पर अक्टूबर माह में स्ट्रॉबेरी लगाई थी। इस आधे एकड़ में लगभग 6 हजार स्ट्रॉबेरी के पौधे लगे थे। स्ट्रॉबेरी की खेती में उन्हें एक लाख रुपये की लागत आई। जैविक तरीके से उगाई गई स्ट्रॉबेरी से उन्होंने अब तक दो लाख का मुनाफा कमाया है। चिखलदार आने वाले पर्यटक सड़क किनारे स्ट्रॉबेरी के ठेलों पर जाते हैं और जैविक स्ट्रॉबेरी खरीदते हैं। इन स्ट्रॉबेरी ने आदिवासी किसानों को रोजगार दिया है।



# पिपरी श्मशान घाट के पास बेहोश मिले 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**हिंगनघाट.** वडनेर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पिपरी में श्मशान घाट के पास एक 65 वर्षीय व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला। 3 फरवरी की शाम करीब 7 बजे स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने व्यक्ति को वडनेर के ग्रामीण अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। हालांकि, 4 फरवरी को पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टरों ने जांच के बाद व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अरुण नंदराज चव्हाण (निवासी – मरोचकरवा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़) के रूप में हुई है। फिलहाल, उनकी मृत्यु का सही कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस मामले में वडनेर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर लिया गया है, और पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# ई-केवायसी नहीं की तो अनाज की आपूर्ति बंद हो जाएगी

## ई-केवायसी त्वरित करें: तहसीलदार क्षीरसागर

**देवली.**

शिधा पत्रिका के सदस्य के बारे में जानकारी राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए स्वीकार की जा रही है। इसके लिए ई-केवायसी करना बहुत महत्वपूर्ण है, तहसिलदार समर्थ क्षीरसागर व पुरवठा निरीक्षक चांदनी शिवरकर ने एक पत्रद्वारा लोगों से त्वरित ई-केवायसी करे, ऐसी सुचना की है.

देवली में, शिधा धारकों के परिवार के सभी 100 प्रतिशत सदस्यकों को आधार से जोड़ने का काम कर रहे हैं. में प्रत्येक व्यक्ति को अपने गाँव में सरकारी अनाज की दुकान में एक ई -पॉझ मशीन के माध्यम से अपने केवाईसी को पूरा करना चाहिए।

राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार, शिधा कार्ड धारकों और उनके परिवारों के इ -केवायसी को निर्देशित किया गया है। तालुका में शिधाकार्ड धारकों को आपूर्ति विभाग द्वारा एकत्र किया जा रहा है। इसके लिए, केवायसी ग्राहक की जानकारी शिधापत्रिका को जोड़ी जा रही है। आधार संख्या के दो फिंगरप्रिंट लि जा रही है।

देवली में अनाज के आवंटन के लिए 107 दुकानें हैं और उनके पास एक लाख 32 हजार 587 लाभार्थी हैं। इनमें से, 94880 लाभार्थियों ने इ-केवायसी कि है और 37 हजार 707 लाभार्थियों ने इ-केवायसी नहीं कि है, ऐसा पुरवठा विभाग ने बताया है.संबंधित शिधा पत्रिका धारक जिस दुकानदारसे धान्य खरीदते है.उनके पास से ही ई-केवायसी की जा रही है. देवली पुरवठा विभाग की ओरसे शासन के विविध योजना से धान्य मिलने के लिए तथा शिधा पत्रिका निकालने के लिए ई-केवायसी करना जरुरी है, ऐसी जानकारी पुरवठा निरीक्षक अधिकारी चांदनी शिवरकर ने दी है.

# मोहगांव ग्राम पंचायत में किसान पहचान पत्र पंजीकरण शिविर का आयोजन

**मोहगांव.**

तहसीलदार कपिल हटकर के मार्गदर्शन और माननीय जिला कलेक्टर के आदेशानुसार मोहगांव ग्राम पंचायत कार्यालय में किसान पहचान पत्र (फार्म आईडी) पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम सरपंच विलास नवघरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर तंतामुक्त समिति के अध्यक्ष अनिल धोटे, मंडल अधिकारी डी.एस. कापकर, ग्राम राजस्व अधिकारी प्रदीप मानकर, ग्राम पंचायत सदस्य संदीप दातारकर, प्रणाली वांढरे और सुनीता वाघाडे समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। शिविर में कम्प्यूटर ऑपरेटर मंगेश गारघाटे ने किसानों के आधार कार्ड और आधार से जुड़े मोबाइल नंबर लेकर किसान आईडी दर्ज की। इस दौरान सरपंच नवघरे ने कहा कि भविष्य में किसान पहचान पत्र अत्यंत महत्वपूर्ण होगा और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह कार्ड आवश्यक रहेगा। मोहगांव ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले मोहगांव तवी, रासा, केसलापार और वनरचुवा गांवों के सभी किसानों से किसान पहचान पत्र के लिए पंजीकरण कराने की अपील की गई।

इस शिविर को सफल बनाने में कम्प्यूटर ऑपरेटर मंगेश गारघाटे, सूरज ननावरे, संगीता लटनकर, अरुण ठाकरे और दौलत शाहरे ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



# टाटा एस से उतरते समय गिरने से 10 वर्षीय बालक की मौत

**हिंगनघाट.**

शेकापूर से वेणी रोड पर 2 फरवरी को एक दुखद दुर्घटना में 10 वर्षीय बालक सक्षम देवेंद्र नौकरकार की मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय बालक कार्तिक यादव शिवणकर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, वे शेकापूर से वेणी रोड पर टाटा एस गाड़ी में बैठकर वापस आ रहे थे। गाड़ी का चालक विपुल मरसकोल्हे ने बताया कि जब बच्चे गाड़ी से उतर रहे थे, तो सक्षम और कार्तिक गिर पड़े। सक्षम को सिर पर पत्थर से जोरदार चोट आई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार्तिक को सिर और हनुवटी के पास चोट आई। चालक विपुल ने दोनों बच्चों को गाड़ी में बैठाकर वडनेर के ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने सक्षम को मृत घोषित कर दिया। घायल कार्तिक को प्राथमिक उपचार के बाद सेवाग्राम अस्पताल रेफर किया गया। यह घटना शेकापूर से वेणी रोड पर दोपहर के समय घटी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# मनोरुग्ण सुनील को मिला 'माहेर'



**हिंगनघाट.**

शहर के मनोरुग्ण सुनील कई वर्षों से सड़कों पर बेवारिस हालत में घूम रहा था। कुछ दिनों पहले वह एक दुर्घटना का शिकार हो गया, जिससे उसके पैर में गहरी चोट लग गई। गंभीर जख्म के कारण वह चलने में असमर्थ था, और मनोरुग्ण होने के कारण उसे अपनी भूख-प्यास का भी होश नहीं था।

इस स्थिति को देखते हुए, हिंगणघाट शहर के कुछ समाजसेवकों ने पहल की और तुरंत उसका प्राथमिक उपचार करवाया। समय पर इलाज न मिलने पर उसका पैर काटना पड़ सकता था। इसके बाद, जीवनरक्षक फाउंडेशन के माध्यम से सुनील को वर्धा जिले के माहेर मनोरुग्ण केंद्र, सेलू में भर्ती कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। संस्था की स्वीकृति मिलने पर, भारी आक्रोश में रहने वाले सुनील को रेस्क्यू कर, हाथ बांधकर गाड़ी से माहेर केंद्र ले जाया गया। वहां पहुंचने पर संस्था ने उसे स्नान कराया और बेहतर उपचार के लिए सेवाग्राम अस्पताल में भर्ती किया। सुनील की मदद कर उसे सुरक्षित आश्रय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नितिन क्षीरसागर, जीवनरक्षक राकेश झाड़े, सूरज कुबड़े, दीपक जोशी और सतीश गलांडे की हर ओर सराहना की जा रही है।

# यवतमाल जिले में वन्यजीव संरक्षण के लिए रैपिड रेस्क्यू टीम और उपचार केंद्र की मांग

**यवतमाल.**



यवतमाल जिले की समृद्ध वन संपदा में हाल ही में सड़क दुर्घटनाओं में वन्यजीवों की मृत्यु की संख्या बढ़ रही है। समय पर बचाव कार्य और उपचार न मिलने के कारण कई जानवरों की जान चली जाती है। इसका मुख्य कारण वन विभाग में प्रशिक्षित वन्यजीव रक्षकों की कमी और वन्यजीव उपचार केंद्रों का अभाव है।

गोंदिया, भंडारा, गढ़चिरोली और चंद्रपुर जिलों में वन विभाग ने रैपिड रेस्क्यू टीमों की स्थापना की है, जिसमें अनुबंध पद्धति से प्रशिक्षित वन्यजीव रक्षक शामिल हैं। इन टीमों की कार्य क्षमता के कारण वहां के वन्यजीवों के बचाव कार्य में तेजी आई है। इसी संदर्भ में, यवतमाल जिले में भी वन्यजीव उपचार केंद्र की स्थापना कर, रैपिड रेस्क्यू टीमों में अनुभवी और प्रशिक्षित वन्यजीव रक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिए, ऐसी मांग एम एच 29 हेल्पिंग हैंड वन्यजीव संगठन ने की है।

संगठन के अध्यक्ष निलेश मेश्राम और प्रो पंढरी पाठे ने समता मैदान, यवतमाल में जिले के पालक मंत्री संजय राठौड़ को ज्ञापन सौंपा। इस पहल से दुर्घटनाग्रस्त वन्यजीवों को तुरंत मदद मिलकर उनकी जान बचाई जा सकेगी, ऐसी उम्मीद व्यक्त की गई है।

# बेटे ने पिता की लकडी से मारकर कि हत्या

**देवली.** देवली के मिरननाथ मंदिर के पिछे फुकट नगर में रहनेवाले 55 वर्षीय नारायण कुरूडे की उनके बेटे नमदेव नारायण कुरूडे, 25 ने 4 फरवरी को मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे लकडी से पिटकर हत्या की. यह बताया गया है कि नारायण कुरूडे एक अस्थिर और नशेडी थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नारायण कुरूडे ने अपनी पत्नी सरस्वती को 4 फरवरी को सुबह लगभग 10 बजे जोरदार मारपिट की.

यह जानकारी मिलते ही बेटा नामदेव कुरूडे ने गुस्से में अपने पिता नारायण के सिर पर लकड़ी के बल्ली से जोरदार प्रहार किया. इस वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही देवली पुलिस को इस घटना के बारे में सूचित किया गया. पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और नारायण के शव का पंचनामा किया और उसके शव को परीक्षण के लिए वर्धा के अस्पताल में भेज दिया गया। उपविभागीय पुलिस अधिकारी राहुल चव्हान ने मौकाए वारदात स्थल को भेट देकर समीक्षा की. इसके अलावा, देवली पुलिस ने विभिन्न कलम के तहत अपराध दर्ज किया है और थानेदार रवींद्र शिंदे और उनके पुलिस दस्ते द्वारा आगे की जांच की जा रही है। अपराधी नामदेव की खोज की जा रही है.

# आर्वी में बाघ का हमला: खेत में बंधी गाय की मौत

## किसान को 40,000 रुपये का नुकसान

**समुद्रपूर.** आर्वी शिवार में मंगलवार, 4 फरवरी की सुबह बाघ ने खेत में बंधी एक गाय पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले से किसान सुनील जांभुले को लगभग 40,000 रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी नीलेश गांवडे के आदेश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश राघौटे ने मृत गाय का शव परीक्षण किया। बाघ की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग ने घटनास्थल पर निगरानी के लिए कैमरे लगाए हैं। इस दौरान वन विभाग के श्रेसाय्यक न्याहरे, वनरक्षक के. जी. गुडप्पा, वनरक्षक एल. जे. गोहणे, भाऊराव नागोसे, नीलकंठ ठाकरे और स्वयं किसान सुनील जांभुले भी उपस्थित थे। वन विभाग अब बाघ की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है ताकि आगे किसी अन्य जानवर या किसान को नुकसान न पहुंचे।



# आदिवासी विकास मंत्री अशोक उइके ने जताया विश्वास

## > कहा- आदिवासी भाइयों के उत्थान के लिए करेंगे हरसंभव प्रयास

**अमरावती.**

देश में विविधता, सामाजिक समृद्धि और एकता बनाए रखने के लिए संस्कृति का संरक्षण किया जाना चाहिए। जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक विरासत, भाषा, कला और परंपराओं को संरक्षित करने पर जोर दिया जाएगा। आदिवासी विकास मंत्री डॉ. अशोक उइके ने अमरावती में कहा कि सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक न्याय भवन में डॉ. उइके ने जिला जनप्रतिनिधि, आदिवासी विकास विभाग, आदिवासी विकास निगम, शबरी आदिवासी वित्त एवं विकास निगम की समीक्षा के दौरान यह बात कही।

उइके ने कहा, "सरकार आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। आदिवासियों के मुद्दों को समझने के लिए जल्दी ही मेलघाट का दौरा किया जाएगा। इसके मुताबिक वहां के मुद्दों पर तुरंत कदम उठाए जाएंगे। नवसारी हॉस्टल के पास की जगह से कूड़ा हटाकर तुरंत सफाई की जाएगी। डीबीटी का भुगतान समय पर किया जायेगा।"मंत्री ने कहा, "सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रावास में प्रवेश मिलेगा। स्थानीय लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आदिवासी भाइयों के हाथों को काम दिया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आदिवासियों को वनाधिकार भूमि भूखंडों से वंचित नहीं किया जाएगा।



### सभी आवश्यक सुविधाएँ सृजित की जायेंगी

मंत्री उइके ने कहा कि शासकीय छात्रावासों, आश्रम शालाओं में सभी आवश्यक सुविधाएँ सृजित की जायेंगी। प्रत्येक आदिवासी महिला के साथ सम्मानपूर्ण व्यवहार किया जाएगा। आदिवासियों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया जायेगा।

# जल्द शुरू होगा बुलढाना आरटीओ कार्यालय

## अंतिम चरण में काम, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**बुलढाणा.**

खामगांव शहर में एक नए आरटीओ कार्यालय को मंजूरी दी गई है। नगर निगम वाणिज्यिक परिसर की तीसरी मंजिल पर बन रहे नए आरटीओ कार्यालय का शुक्रवार को प्रभारी एआरटीओ हेमंत काले ने निरीक्षण किया। खामगांव शहर को एमएच 56 नंबर की मंजूरी सरकार द्वारा दी गई है और इस कार्यालय को जल्द ही शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था पूरी होने के बाद ही कार्यालय शुरू होगा।

खामगांव और आसपास की छह तहसीलों के नागरिकों को वाहन सेवाएं प्राप्त करने के लिए हर बार बुलढाना उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय का दौरा करना पड़ता था। इसमें नागरिकों का काफी पैसा खर्च होता था। इसलिए खामगांव में आरटीओ कार्यालय स्थापित करने की मांग कई वर्षों से की जा रही थी और अब यह मांग पूरी होती नजर आ रही है। अधिकारी ने बताया कि सरकार ने खामगांव को नया आरटीओ नंबर 56 दिया है। उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय शुरू किया जा रहा है जिससे घाट के अंतर्गत छह तहसीलों के नागरिकों को लाभ होगा। खामगांव आरटीओ कार्यालय के लिए वाहन फिटनेस प्रमाणपत्र और ड्राइविंग लाइसेंस जांच के लिए एक पद की तलाश है। एक किलोमीटर लंबी जगह ढूंढने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर मैदान के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है।

# शिवसेना शिंदे गुट के ओबीसी, वीजेएनटी विभाग के वर्धा जिला प्रमुख पद पर रामेश्वर लांडे का निर्विरोध चयन

**वर्धा.**

शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट के ओबीसी, वीजेएनटी विभाग के वर्धा जिला प्रमुख पद पर रामेश्वर लांडे का निर्विरोध चयन हुआ है। उनका चयन मुंबई में इस विभाग के प्रदेशाध्यक्ष बालासाहेब पिसवे द्वारा एक पत्र के माध्यम से किया गया। इस मौके पर रामेश्वर लांडे ने शिवसेना शिंदे गुट का दुपट्टा पहनकर आधिकारिक रूप से पार्टी जॉइन की। इसके साथ ही, वह शिवसेना शिंदे गुट के आधिकारिक सदस्य भी बने।

शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र और विदर्भ में पार्टी के विस्तार को देखते हुए ओबीसी, वीजेएनटी विभाग की स्थापना की थी। इस विभाग के नेटवर्क को पूरे राज्य में फैलाने के लिए उन्होंने यह निर्णय लिया था और इसके लिए बालासाहेब पिसवे को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी सौंपि थी। रविवार, 2 फरवरी को मुंबई के बालासाहेब भवन में आयोजित बैठक में महाराष्ट्र के सभी जिला प्रमुखों का चयन किया गया था। इसी बैठक में वर्धा के रामेश्वर लांडे को जिला प्रमुख नियुक्त किया गया। उन्होंने अपनी नियुक्ति का श्रेय उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, ओबीसी वीजेएनटी विभाग के प्रमुख बालासाहेब पिसवे, चयन समिति के सदस्य संजय कुसलकर, अनिल पाटिल, सचिन धायगुडे, मेघशाम करड़े और अपने मित्र मंडल को दिया। रामेश्वर लांडे की नियुक्ति से वर्धा जिले में उत्साह का माहौल है। वह वर्तमान में वर्धा जिला मुख्याध्यापक संघ के मार्गदर्शक भी हैं। उनकी नियुक्ति पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।



## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### कडुजी आत्राम

**देवली.** इंदिरा नगर निवासी कडुजी आत्राम (80) का वृद्धावस्था के कारण निधन हो गया। वे देवली नगर परिषद की पूर्व नगराध्यक्ष सुचिता मडावी के पिता थे। उनके निधन से परिवार व क्षेत्र में शोक की लहर है। वे अपने पीछे बेटियां, बेटा, बहुएं और पोते-पोतियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार यशोदा नदी के तट पर किया गया।

CMYK

# खासदार भजन स्पर्धा में राहुल के. पदमावत को केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया सम्मानित

**नागपुर.**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की संकल्पना से आयोजित खासदार भजन स्पर्धा की महाअंतिम फेरी 2 फरवरी 2025 को नागपुर के कविवर्य सुरेश भट सभागृह, रेशीमबाग में संपन्न हुई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, भाजपा नागपुर शहर अध्यक्ष बंटी कुकडे, विधायक प्रवीण दटके, विधायक मोहन मते, विधायक कृष्णा खोपडे, खासदार सांस्कृतिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल सोले, सचिव जयप्रकाश गुप्ता, पूर्व विधायक सुधाकर कोहले, डॉ. मिलिंद माने, भाजपा महिला आघाडी अध्यक्ष प्रगती पाटील समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

7 से 12 जनवरी के दौरान हुई प्राथमिक फेरी स्पर्धा में नागपुर के 6 विभागों से 583 भजनी मंडलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रीकृष्ण भक्ति का जागर किया। महाअंतिम फेरी में विजेताओं को 20 भव्य नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। वरिष्ठ वर्ग में 12 पुरस्कार, जिनमें सात नगद पुरस्कार और पाँच प्रोत्साहन पुरस्कार, वहीं युवा वर्ग में पाँच उत्कृष्ट नगद पुरस्कार और गौरवचिन्ह प्रदान किए गए। नागपुर के सभी सहभागी भजनी मंडलों को 1500/- रुपये मानधन भी दिया गया। खासदार भजन स्पर्धा का सफल आयोजन डॉ. श्रीरंग वराडपांडे के संयोजन में किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में राहुल के. पदमावत, अमोल ठाकरे, विश्वनाथ कुंभलकर, माया हाडे, सपना सागुलले, श्वेता निकम, श्रधा पाठक, रेखा निमजे, विजय येरणे, दर्शना नखाते, सुजाता कथोटे, अभिजित कठाले, ढबले, अतुल सगुलले समेत कई पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में राहुल के. पदमावत को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया, जिससे विशेष गौरव का माहौल बना।

## धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्र की विभूतियों का सम्मान



**सौंसर.**

किराणा जनरल एवं एजेंसी व्यापारी संगठन के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजीत हुआ। शहर के जायसवाल लॉन में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सिद्धार्थ पटेल, एसडीओपी डीव्हीएस नागर, वरिष्ठ व्यापारी गौरीशंकर डागा, सुरेश बागाणी, शेषराव आप्पा पोस्ते, धरमराज मुंदडा, वहिदभाई, अब्दुल बारी, सुरेश बागाणी सहित सत्कारमुर्ति मंचासीन थे। संगठन अध्यक्ष अजय अढाऊ ने रखते हुये संगठनात्मक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। संगीतमय प्रस्तुती के साथ सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र की प्रतिभाओं का शाल श्रीफल से सत्कार किया गया। जिसमें ए के धंतोले, अरूण ठाकरे, यू सी जैन, सोनबा झाडे, जयंत गुरू, राजेष लोणारे, विठठल गावंढे, षिवाजी ठाकरे के अलावा मेधावी कक्षा 12 वी प्रियांष धमदर, राधा बागाणी, कक्षा 10 वी रिचा चौरसिया, काव्या लोणारे सहित डांस प्रतियोगिता में क्रमषः अव्वल रहे पासर जैन, डिम्पल पांडे, कावेरी लोणारे, रूचिता साबू, अंष धुरडे, हिमांषी बंसोड, दिव्या चौरसिया, डिम्पल पांडे, कावेरी अंकिता पालीवाल को पुरस्कृत किया गया। सफलतार्थ संगठन के पंकज बाागाणी, रामरतन डागा, सुरेष बागाणी, आदि का समावेश है.

## एक्सिस बैंक ने कैंसर अनुसंधान, देखभाल समर्थन में बढ़ाई प्रतिबद्धता

**नागपुर.**


AXIS BANK

भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने भारत में कैंसर अनुसंधान और रोगी की देखभाल से जुड़ी पहलों का समर्थन करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दृढ़ की है। एक्सिस बैंक ने अपनी सीएसआर प्रतिबद्धता के अंग के रूप में, भारत में तीन प्रतिष्ठित कैंसर संस्थानों- टाटा मेमोरियल सेंटर के तहत नेशनल कैंसर ग्रिड (एनसीजी), इंडियन कैंसर सोसाइटी (आईसीएस) और सेंट जूड इंडिया चाइल्डकेयर सेंटर्स के साथ साझेदारी की है, ताकि ऑन्कोलॉजी में भारत की डिजिटल क्षमताओं का निर्माण किया जा सके, कैंसर देखभाल की पहुँच बढ़ाई जा सके, कैंसर के शुरुआती निदान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और कैंसर अनुसंधान और नवाचार को भी बढ़ावा दिया जा सके। ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी (ग्लोबोकैन) के अनुसार, भारत में कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की आशंका है। देश में कैंसर के मामले 2040 तक 20.8 लाख तक पहुँच जाएँगे, जो वर्ष 2020 के मुकाबले 57.5 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि को दर्शाता है। ऐसे में, कैंसर अनुसंधान और नवाचार, उपलब्ध चिकित्सा बुनियादी ढाँचे में भारत के प्रयासों को बढ़ाने और उपचार के लिए रोगियों के बोझ से निपटने के उपायों तत्काल आवश्यकता है। इस परिदृश्य के मद्देनज़र बैंक, माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा 1 फरवरी को अपने बजट भाषण में भारत के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर्स स्थापित करने की घोषणा का स्वागत करता है। इसके तहत अगले तीन वर्षों में 200 ऐसे केंद्र स्थापित किए जाएँगे।

एक्सिस बैंक के स्ट्रेटेजिक प्रोग्राम्स और सस्टेनेबिलिटी के ग्रुप एग्जिक्यूटिव, विजय मुलबागल ने इन पहलों के बारे में बोलते हुए कहा, "एक्सिस बैंक में, हम कैंसर के खिलाफ भारत के सामूहिक संघर्ष का समर्थन करने के प्रति समर्पित हैं। देश के कैंसर अनुसंधान, उपचार और रोगी देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रमुख संस्थानों के साथ हमारी भागीदारी भारत के संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में दीर्घकालिक क्षमताओं का निर्माण करने की हमारी दृष्टि से संरेखित है। अपने भागीदारों के साथ मिलकर हम एक ऐसे भविष्य के निर्माण की दिशा में प्रयास जारी रखेंगे, जहाँ उन्नत कैंसर देखभाल हर जरूरतमंद व्यक्ति की पहुँच में हो।"

## चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट की नई समिति ने संभाला कार्यभार

**सौंसर.**



क्षेत्र के प्रसिद्ध चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट की पूर्व समिति को न्यायालय के आदेशानुसार भंग कर शासन ने मंदिर का कार्यभार अपने अधीन ले लिया था। कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी सिद्धार्थ पटेल को मंदिर की देखरेख का कार्य सौंपा गया था।

आज, पटेल ने नवगठित ट्रस्ट समिति के नौ सदस्यों को मंदिर का कार्यभार सौंप दिया। उनके प्रयासों से पिछले पांच वर्षों में मंदिर की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खर्चों को निकालकर, मंदिर की कुल आय लगभग 6 करोड़ 90 लाख रुपये तक पहुंच गई है, जिसमें पहले की तुलना में 2.25 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

मंदिर से जुड़े भक्तों और क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि नई समिति हनुमान मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में प्रभावी कदम उठाएगी। जनता को विश्वास है कि नए पदाधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए मंदिर के कायाकल्प की योजना को सफल बनाएंगे।

## पाटेकोहरा बैरियर पर ड्राइवर से मारपीट का मामला गरमाया

> गोपाल फाउंडेशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**वाडी.**




महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित पाटेकोहरा बैरियर में ट्रक ड्राइवर से मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना के बाद गोपाल परिवार फाउंडेशन के सदस्यों ने पीड़ित ड्राइवर से मुलाकात कर उसे न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। फाउंडेशन ने बैरियर पर हो रही अवैध वसूली और दुर्व्यवहार के खिलाफ बैरियर बंद करने का अल्टीमेटम दिया है। यदि जल्द ही इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

घटना में त्रिपुरा के गुमटी जिले के निवासी 36 वर्षीय ट्रक ड्राइवर नंदन दास के साथ मारपीट की गई थी। आरोप है कि बैरियर पर मौजूद कर्मचारियों ने अवैध वसूली के नाम पर ड्राइवर के साथ बदसलूकी की। जब ड्राइवर ने विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई, जिससे आहत होकर उसने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या करने की कोशिश की। मौके पर भारी संख्या में वाहन चालक इकट्ठा हो गए और करीब दो घंटे तक हाईवे जाम रहा। इस घटना के बाद देशभर के ट्रांसपोर्ट संगठनों और ड्राइवर यूनियनों ने विरोध जताया है। गोपाल परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल, भाईचारा राजमार्ग परिवहन सेवा संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, शिवाजी वाहन चालक संघ के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, और ट्रांसपोर्टर सुनील सिंह ने एकजुट होकर पाटेकोहरा बैरियर को बंद करने की मांग की है। ड्राइवरों की शिकायत के अनुसार, बैरियर पर कागजात पूरे होने के बावजूद उनसे जबरन पैसे मांगे जाते हैं। विरोध करने पर मारपीट और अभद्र व्यवहार किया जाता है।

ट्रांसपोर्ट संगठनों का कहना है कि यह समस्या केवल पाटेकोहरा बैरियर तक सीमित नहीं है, बल्कि देशभर के कई परिवहन बैरियरों पर ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

## कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में धूमधाम से हुआ सरस्वती यज्ञ

**रामटेक.**



बसंत पंचमी के पावन अवसर पर कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक के परम पूज्य गोलवलकर गुरुजी गुरुकुलम् परिसर में वेद एवं वैदिक विज्ञान विभाग तथा शास्त्रविद्या गुरुकुलम् के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती पूजन एवं यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया।

इस शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में तथा कुलसचिव डॉ. देवानन्द शुक्ल की उपस्थिति में प्रातः 7:30 बजे सरस्वती पूजन का शुभारंभ किया गया। पूजन विधि में स्वस्तिवाचन, संकल्प, श्रीगणेश पूजन, वरुण पूजन, पुण्याहवाचन एवं प्रधान देवता पूजन के अंतर्गत मां सरस्वती की आराधना की गई। कुलगुरु प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने सभी विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के शास्त्रीय महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दिन मां सरस्वती की आराधना करने से मेधा शक्ति में वृद्धि होती है तथा विद्यार्थियों को अध्ययन करते समय विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की उपासना करनी चाहिए। इसके पश्चात जातवेदसी यज्ञशाला में कुशकंडिका एवं कुंड पूजन के साथ हवन का शुभारंभ हुआ। यह यज्ञ प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक चला, जिसमें आहुति देकर मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि एवं ज्ञान की प्रार्थना की गई। यज्ञ की पूर्णाहुति कुलगुरु प्रो. हरेराम त्रिपाठी, कुलसचिव डॉ. देवानन्द शुक्ल, मुक्तस्वाध्यायी पीठ के संचालक डॉ. अनिल दुबे एवं वेद तथा वैदिक विज्ञान विभाग के विभाग प्रमुख डॉ. अमित भार्गव द्वारा की गई। इस विशेष आयोजन का सफल संचालन वेद एवं वैदिक विज्ञान विभाग के विभाग प्रमुख डॉ. अमित भार्गव के मार्गदर्शन में हुआ। साथ ही, शास्त्रविद्यागुरुकुलम् के प्रा. निशांत मिश्रा के आचार्यत्व में तथा वेद एवं वैदिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. अश्विनी शुक्ला और प्रा. निशांत मिश्रा की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी संकाय प्रमुख, विभाग प्रमुख, प्राध्यापकगण एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया तथा ज्ञान और विद्या के प्रति समर्पण की भावना को प्रबल किया।

## महाविद्यालय में प्रकृति भ्रमण एवं वेटलैंड दिवस मनाया गया

**सौंसर.**




सौंसर के शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा में इको क्लब एवं पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली, पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन, भोपाल तथा उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार वेटलैंड दिवस एवं प्रकृति भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रचार्य ए.एन. पाटिल के मार्गदर्शन में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम प्रभारी लीना डेहरिया के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं 30 विद्यार्थियों का दल सौसर तहसील के सारदौनी वन परिक्षेत्र में प्रकृति भ्रमण के लिए रवाना हुआ।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें प्रकृति प्रेमी बनाना था। भ्रमण के दौरान वन विभाग के विषय विशेषज्ञ नरेंद्र ताजने (डिप्टी रेंजर ऑफिसर), जितेंद्र सिंह (वनरक्षक, बीट गार्ड बोरगांव) एवं सुनील सोनकुसरे (वनरक्षक, बोरगांव) ने विद्यार्थियों को विभिन्न वृक्षों एवं उनकी उपयोगिता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सागर बूटी के आयुर्वेदिक उपयोग बताए, कुसुम और भिर्रा के पेड़ों से रेलगाड़ी के स्लीपर बनने की जानकारी दी गई।

इसके अलावा, महुआ के वैज्ञानिक नाम और उसके औषधीय उपयोगों की चर्चा की गई। सागौन के बारे में बताया गया कि मध्य प्रदेश में सबसे अधिक पाया जाता है, जिसमें से 80% सागौन वृक्ष छिंदवाड़ा जिले में हैं। कटाई प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिन वृक्षों की जड़ें खराब हो जाती हैं या जो बहुत पुराने हो जाते हैं, उन्हें चिन्हित कर गेरू की पुताई कर दी जाती है। विद्यार्थियों को बहेड़ा, अर्जुन, साजा, शीशम और काली मूसली जैसे वृक्षों के औषधीय गुणों के बारे में बताया गया। विशेष रूप से अर्जुन के वृक्ष से बनने वाली अर्जुनारिष्ट दवा का उपयोग ब्लड प्रेशर नियंत्रण के लिए किया जाता है। शीशम वृक्ष की दुर्लभता को देखते हुए इसकी कटाई पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा, मृदा अपरदन को रोकने में जड़ों की भूमिका और दीमक के प्राकृतिक आवास के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि जंगल में पाई जाने वाली बामी (दीमक के टीले) हजारों दीमकों का घर होती हैं, जो जंगल की सफाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। दीमकों का भोजन पैंगोलिन करता है। वन परिक्षेत्र में स्थित प्राकृतिक झरने के आसपास विद्यार्थियों ने सफाई अभियान चलाया और विश्व वेटलैंड दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने बसंत ऋतु का आनंद लिया और सभी ने मिलकर भोजन किया।

कार्यक्रम के समापन पर डॉ. अनूप सिंह ने विद्यार्थियों, वन विभाग की टीम, बस चालक मोंटू निमजे और भोजन व्यवस्थापक सहित महाविद्यालय के स्टाफ डॉ. विजय बागड़े, प्रणाली बाघमारे, राधेश्याम टेकाड़े और शैलेश यादव का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाया गया।

# आदमखोर बाघ का आतंक: किसानों में बढ़ रहा आक्रोश, चक्का जाम की चेतावनी

**पारशिवनी.**



पारशिवनी तहसील के ग्रामीण इलाकों में आदमखोर बाघ का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीते तीन महीनों में बाघ ने न सिर्फ कई गाय, बैल और भैंसों को अपना शिकार बनाया है, बल्कि इंसानों पर भी हमला किया है। लगातार हो रहे हमलों से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और वे डर के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

सोमवार शाम पारडी गांव के पास किसान राजू डोईफोडे के खेत में बंधी गाय और बछड़े पर आदमखोर बाघ ने हमला कर उन्हें मार डाला। इस घटना से किसान को करीब 80,000 रुपये का नुकसान हुआ। दो दिन पहले भी इसी इलाके में बाघ ने एक बैल का शिकार किया था, जिससे 60,000 रुपये का नुकसान हुआ। पिछले महीने आमगांव में खेत में काम कर रहे एक मजदूर पर बाघ ने हमला कर उसकी जान ले ली थी। इन घटनाओं से किसान दहशत में हैं और खेतों में जाने से डर रहे हैं, जिससे फसलें भी प्रभावित हो रही हैं और उनकी आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। किसानों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी इस गंभीर समस्या को हल्के में ले रहे हैं। बाघ लगातार जानवरों और इंसानों पर हमला कर रहा है, लेकिन वन विभाग सिर्फ दिखावे के लिए कार्रवाई कर रहा है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण बाघ बेखौफ होकर गांवों में घुस रहा है और लोगों को निशाना बना रहा है। इससे पहले दो बार किसानों ने पारशिवनी में चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। हर बार वन विभाग ने बाघ को पकड़ने का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। रामटेक विधानसभा क्षेत्र से विधायक और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आशिष जैस्वाल को भी किसानों ने इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। किसानों का कहना है कि मंत्री जी के पास इस मामले को लेकर सख्त निर्देश देने की शक्ति है, फिर भी वे कोई ठोस प्रयास नहीं कर रहे हैं।

### किसानों की चेतावनी: होगा चक्का जाम आंदोलन

पारडी की सरपंच स्वाती डोईफोडे ने कहा कि बाघ लगातार पशुओं को मार रहा है और खेतों में काम कर रहे किसानों के लिए भी खतरा बना हुआ है। बार-बार वन विभाग को सूचित करने के बावजूद बाघ को पकड़ने की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। इससे नाराज किसानों ने नागपुर के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के निवास के सामने चक्का जाम आंदोलन करने की चेतावनी दी है। किसानों ने साफ कहा है कि अगर जल्द ही बाघ को नहीं पकड़ा गया, तो वे हजारों किसानों और पालतू जानवरों के साथ आंदोलन करेंगे। अब देखना होगा कि वन विभाग और सरकार इस मुद्दे को कब तक गंभीरता से लेते हैं और किसानों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

## तैलिक समाज का हल्दी कुमकुम कार्यकम आयोजित

> समुदाय की महिलाओं को दिये गए उपहार



**कामठी.**

तैलिक समाज कामठी की ओर से समाज का हल्दी कुंकू कार्यक्रम येरखेड़ा के संत संताजी जगनाड़े महाराज हॉल में आयोजित किया गया। सबसे पहले, दीप प्रज्वलित कर संत जगनाड़े महाराज की पूजा और पुष्पांजलि अर्पित की गई।

तत्पश्चात आने वाले मुख्य अतिथियों का स्वागत प्राची आगाशे के स्वागत योग्य नृत्य प्रस्तुत किया और अतिथियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने भाषण में महिला बहनों का मार्गदर्शन किया। सभी महिलाओं और बहनों को इस अवसर पर समुदाय और भाई-बहनों द्वारा उपहार दिया गया था।

कार्यक्रमल प्रमुख अतिथि के रूप में कांचनमाला माकडे (ग्रामगीताचार्य तुकडोजी महाराज साहित्य), करुणा आष्टणकर नगराध्यक्षा नगरपंचायत कन्हान, अंकिता कोविद तळेकर उपसरपंच रनाला, डॉ. अर्चना रत्नाकर कळंबे (वीरपत्नी) गुरुदेव सेवा मंडल, बबीता कोठेकर महाराष्ट्र भूषण पुरस्कृत महिला डॉक्टर नीलिमा घाटोले, माधुरी बावनकुले उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रास्ताविक येरखेडा पूर्व सरपंच मंगला कारमोरे एवं सूत्रसंचालन वर्षा बावनकुले तथा आभार प्रदर्शन सावित्री तेलरांधे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफलतार्श मंगला कारेमोरे, सावित्री तेलरांधे, सौ वर्षा बावनकुले, माधुरी वंजारी, सौ.जया वाडीभस्मे, गीता गायधने, भाग्यश्री पाहुणे, शीला देशमुख, उषा कारेमोरे, विना बालबुदे, सिंधु मोरे, स्मिता मोरे, अंकिता आगासे, सौ. संध्या मानकर, सुनंदा वाडीभस्मे, कल्पना गायधने, हर्षा बावनकर, श्रीमतीवंदना वाडीभस्मे, लीना पाहुणे, कविता हटवार आदि ने कड़ी मेहनत किए। कार्यक्रम में प्रीती कुलरकर, संगीता मेहर, किरण चकोले, कांचन पाहुणे, भाग्यश्री कुलरकर, हर्षलता पाटील, सौ.रजनी कारेमोरे, भारती वंजारी, बबीता वंजारी, कविता मोरे, ममता भनारे, कल्पना चकोले, शीला चकोले, शालिनी चकोले, छाया नाटकर, पायल तलमले, कुसुम चकोले, प्रिया भुरे, लीना केवटे, ममता हटवार, दिपाली गायधने, आशा आखरे आदि महिलाओं का सहभाग रहा। संस्था की ओर से अध्यक्ष राधेशाम हटवार, सहसचिव हरिहर गायधने, प्रभाकर गायधने, ज्ञानेश्वर वंजारी, भैय्यालाल माकडे, राधेश्याम मानकर, विजय वंजारी, गजाननराव वैद्य, आनंद चकोले, साई आखरे आदि ने सहकार्य किए।